विषय :राज्य स्तरीय उद्योग निवेश संवर्धन सहायता समिति की तृतीय बैठक दिनांक 18.01.2007 का कार्यवाही विवरण।

मध्यप्रदेश उद्योग निवेश संवर्धन सहायता योजना 2004 के अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय उद्योग निवेश संवर्धन सहायता समिति की तृतीय बैठक दिनांक 18.01.2007 को प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य उद्योग और रोजगार विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यगण एवं अन्य अधिकारियों की सूची परिशिष्ट में संलग्न है। बैठक में प्रस्तुत एजेण्डा पर निम्नानुसार चर्चा हुई एवं निर्णय लिये गये गय :-

1. एजेण्डा क्रमांक – 1 के अनुसार समिति की द्वितीय बैठक दिनांक 10.10.2006 की कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई।

2. एजेण्डा क्रमांक – 2 के अनुसार समिति की द्वितीय बैठक दिनांक 19.10.2006 के पालन प्रतिवेदन के संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया। समिति पालन प्रतिवेदन से अवगत हुई। पालन प्रतिवेदन के विन्दु क्रमांक – 3 की चर्चा के दौरान आयुक्त वाणिज्यिक कर मध्यप्रदेश द्वारा योजना के नियम के संशोधन के संबंध में अभिमत की प्रति प्रस्तुत की गई, जिसके अध्ययन पश्चात आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

योजना के संलग्न फार्म क्रमांक 1 से 7 तक के संशोधित प्रपत्र, जिनका अनुमोदन समिति की द्वितीय बैठक में किया गया था, के प्रत्येक पृष्ठ पर अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव द्वारा हस्ताक्षर किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई, जिससे भविष्य में इन प्रपत्रों में किसी प्रकार का बदलाव न हो सके।

पालन प्रतिवेदन के बिन्दु क्रमांक 5 (iii) के संबंध में प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य,उद्योग और रोजगार विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि शीर्ष स्तरीय समिति के समक्ष मेसर्स वी.आर.एस. फूड्स लिमि. औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर का सम्बधित प्रकरण विचारार्थ रखा जावेगा ।

पालनप्रतिवेदन के बिन्दु क्रमांक 6 के संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि योजना के अनुमोदित फार्म क्रमांक 1 से 7 तक के संशोधित प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव द्वारा हस्ताक्षर किये जाने के पश्चात फार्म क्र0 6 बी पर स्वीकृति आदेश जारी करने की कार्यवाही की जावेगी ।

पालन प्रतिवेदन के बिन्दु क्रमांक – 7 के संबंध में प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन वाणिज्य, उद्योग और रोजगार द्वारा निर्देश दिये गये कि योजना की अपात्र उद्योगों की सूची के आयटम क्रमांक 46 को विलोपित करने सम्बधित प्रस्ताव उद्योग आयुक्त के माध्यम से शीघ्र प्रेषित कराया जावे ।

पालन प्रतिवेदन के बिन्दु क्रमांक 8 के चर्चा के दौरान अवगत कराया कि इस योजना के लिए आगामी वर्ष 2007 – 08 में वित्त विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा रू. 3.00 करोड़ का बजट प्रावधान स्वीकृत किया जा रहा है । चालू वर्ष 2006–07 में उपलब्ध राशि के अतिरिक्त अधिक राशि की आवश्यकता होती है, तब उस अधिक राशि के लिए किसी अन्य मद में उपलब्ध राशि के समायोजन की कार्यवाही की जावे, तथा आवश्यक बजट राशि उपलब्ध कराई जावे।

3. एजेण्डा के बिन्दु क्रमांक 3 के संबंध में मध्यप्रदेश उद्योग निवेश संवर्धन सहायता योजना 2004 के नियमों में संशोधन बावत आयुक्त, वाणिज्यिक कर द्वारा लिखित में अभिमत प्रस्तुत किया गया जिसके अध्ययन पश्चात आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

4. एजेण्डा के बिन्दु क्रमांक 4 में प्रस्तुत इकाई मेसर्स व्ही.आर.एस. फूड्स लिमिटेड, ए.बी.सी.–2, औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर, जिला भिण्ड का वर्ष 2004–05 का प्रथम वर्ष का क्लेम प्रकरण प्रस्तुत किया गया। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, मालनपुर द्वारा प्रेषित निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर इकाई के लिये योजनांतर्गत स्थिर अस्तियों में पूंजी निवेश रू. 122791581.00 (बारह करोड़ सत्ताइस लाख इन्क्यानवे हजार पांच सौ इक्यासी रूपए मात्र) की कैपिंग निर्धारित की गई। इकाई द्वारा वर्ष 2004–05 में मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर एवं केन्द्रीय विक्रय कर की कुल जमा राशि रू. 3053248.00 (तीस लाख तिरेपन हजार दो सौ अडतालीस रूपए मात्र) का 75 प्रतिशत की पात्रता अनुसार कुल सहायता राशि रू. 2289936.00 (बाइस लाख नवासी हजार नौ सौ छत्तीस रूपए मात्र) समिति द्वारा अनुमोदित कर स्वीकृत की गई।

उपस्थित सदस्यगण को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त हुई।

(प्रमुख सचिव वाणिज्य,उद्योग और रोजगार विभाग एवं अध्यक्ष, राज्य स्तरीय उद्योगनिवेश संवर्धन सहायता समिति द्वारा अनुमोदित)

(प्रवीण गर्ग)
प्रबन्ध संचालक
एवं सदस्य सचिव

परिशिष्ट

विषय :राज्य स्तरीय उद्योग निवेश संवर्धन सहायता समिति की तृतीय बैठक दिनांक 18.01.2007 में उपस्थित अधिकारियों की सूची।

राज्य स्तरीय उद्योग निवेश संवर्धन सहायता समिति की तृतीय बैठक दिनांक 18.01.2007 को श्री ओ. पी. रावत, प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन, वाणिज्य,उद्योग और रोजगार विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

<u>उपस्थित सदस्य</u>

1. श्री मनोज गोयल, सचिव, मध्य प्रदेश शासन, वित्त विभाग – सदस्य
2. श्री पी.के. दास, आयुक्त, वाणिज्यिक कर, मध्य प्रदेश – सदस्य
3. श्री प्रवीण गर्ग, प्रबन्ध संचालक, एम.पी.एस.आई.डी.सी. एवं एम.पी. ट्रायफेक – सदस्य सचिव

<u>उपस्थित अन्य अधिकारीगण</u>

1. श्री व्ही.के. त्रिपाठी, अपर संचालक, उद्योग संचालनालयं, भोपाल ।
2. श्री सतीश पेंढ़ारकर, महाप्रबन्धक, एम.पी.ट्रायफेक, भोपाल ।
3. श्री अरविन्द विश्वरूप, प्रबन्धक, एम.पी. ट्रायफेक, भोपाल ।